Title: Need to direct General Insurance Corporation to settle early the claims of farmers in Banaskantha parliamentary constituency, Gujarat (Laid on the Table).

श्री हरिभाई चौधरी (बनासकांठा): मैं अपने संसदीय क्षेत्र बनासकांठा के बारे में बताना चाहता हूं कि इस क्षेत्र में जून से कई फसलें बोई गई थीं, जिनका बीमा भी करवाया गया और प्रीमियम भी भरा गया था। जी0आई0सी0 ने तीन माह के बारे में प्रीमियम यह कहकर वापिस किया कि - नो सेविंग नो इन्श्योरेंस -लेकिन यह बात सही नहीं है। जून के बाद जब भी थोड़े-थोड़े अन्तराल के बाद बारिश हुई थी। उस समय किसानों ने फसलों को बोया था। लेकिन अगस्त में कोई बारिश नहीं हुई जिसके कारण खेत सूख गये। नाबार्ड की नीति के अनुसार अप्रैल से सितम्बर तक किसानों ने जो भी बोया उसका बीमा मिलना चाहिए। जी0आई0सी0 ने जब प्रीमियम वापिस किया तो किसान और किसान प्रतिनिधियों ने उच्चस्तर पर बातचीत की जिसके बाद केन्द्र की एक टीम ने 18 जनवरी 2000 को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने पाया कि किसानों की बात ठीक है। जी0आइ0सी0 सोचती है कि अकाल में किसानों ने कुछ बोया ही नहीं। इन सब कारणों से किसान बहुत परेशान हैं क्योंकि इस बार भी अकाल जैसी स्थिति है और बैंक उनसे पैसा वापिस करने हेतु नोटिस दे रहे हैं। उनके खेत सूख गये हैं।

इन परिस्थितियों में मैं सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध करूंगा कि किसानों को उनका हक मिलना चाहिए और सरकार को जी0आई0सी0 को निर्देश देना चाहिए कि बीमा का भुगतान शीघ्र दिया जाये।

---

* Treated as laid on the Table of the House.